जनसम्पर्क विभाग, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोरखपुर 31 दिसम्बर, 2018 : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 15159/15160 छपरा–दुर्ग–छपरा सारनाथ एक्सप्रेस के 03 रेक को अत्याधुनिक एल.एच.बी. कोच के रेकों से परिवर्तित किया जा रहा है।

इस गाड़ी के प्रथम रेक को एल.एच.बी. कोचों से छपरा से 02 जनवरी तथा दुर्ग से 03 जनवरी, 2019 से बदला जायेगा। इस गाड़ी के द्वितीय रेक को एल.एच.बी. कोचों से छपरा से 06 जनवरी तथा दुर्ग से 07 जनवरी, 2019 से बदला जायेगा। इस गाड़ी के तृतीय रेक को एल.एच.बी. कोचों से छपरा से 10 जनवरी तथा दुर्ग से 11 जनवरी, 2019 से बदला जायेगा। फलस्वरूप संसोधित संरचना के अनुसार इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान के 02, साधारण श्रेणी के 03, शयनयान श्रेणी के 11, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 कोचों सहित कुल 20 कोच कुल लगाये जायेगे।

(संजय यादव)
मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी

सम्पादक/ब्यूरो प्रमुख,
गोरखपुर।